कार्यालय नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म०प्र०,भोपाल.

**क्रमांक** GPR/**दो/4/4/0001/2020/** 1550 भोपाल दिनांक 15-10-2020

ई-निविदा सूचना

लेटर हैड, लिफाफे, विजिटिंग कार्ड एवं कार्ड की तकनीकी विवरण में अंकित विवरण अनुसार पेपर सहित स्क्रीन प्रिंटिंग मुद्रण, बंधन, पैकिंग, परिवहन, समस्त व्यय एवं अन्य समस्त कर सहित प्रदाय हेतु स्क्रीन प्रिंटिंग कार्य करने वाले इच्छुक स्थानीय फर्मों से आईटी डिपार्टमेंट की वेबसाईट https://mptenders.gov.in से ऑनलाईन निविदाएं दिनांक 03-11-2020 अपरान्ह 2.00 बजे तक की-डेट्स अनुसार आमंत्रित की जाती हैं।

2. ऑनलाईन तकनीकी निविदा की हार्डकापी, नमूनें अभिप्रमाणित हस्ताक्षर सहित, शर्तों पर सहमति हस्ताक्षर सहित की-डेट्स अनुसार कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। ऑनलाईन तकनीकी भाग को दिनांक 04.11.2020 को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पोर्टलसे डाउनलोड किया जावेगा एवं हार्डकापी के प्रस्तुत दस्तावेजों को खोला जावेगा।

3. किसी भी प्रकार का संशोधन/सुधार/परिवर्तन होने की सूचना https://mptenders.gov.in एवं www.govtpressmp.nic.in पर उपलब्ध रहेगी।

उप नियंत्रक,
वास्ते नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म०प्र०,भोपाल.

## Key Dates and Time

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Last Date & Time for Online Submission | : 01.00 PM on 3-11-2020 |
| 2. | Last Date & Time for Submission of Hard Copy | : 02.00 PM on 4-11-2020 |
| 3 | Date & Time of Opening of Technical Bids | : 03.00 PM on 4-11-2020 |
| 4 | Date & Time of Opening of Commercial Bids | : 12.00 PM on 6-11-2020 |

परिशिष्ट-एक

## निविदा में ऑनलाईन एवं हार्डकापी में निम्नानुसार दस्तावेज संलग्न अनिवार्य होगा।

1- जीएसटी प्रमाण पत्र।

2- आयकर विभाग का पेनकार्ड।

3- परिशिष्ट-दो में जानकारी प्रस्तुत करना होगा।

4- निविदा के तकनीकी विवरण एवं शर्तों पर सहमति स्वरूप पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर।

5- तकनीकी विवरण अनुसार निविदाकार द्वारा ए-4 आकार के 5-5 नमूने जिन पर पेपर मिल का नाम, जीएसएम विवरण अनुसार संलग्न कराना होगा। निविदाकार द्वारा शासकीय/ अर्द्ध शासकीय एवं अन्य संस्थानों के लिये किये जा रहे एवं पूर्व कार्य का विवरण एवं 5-5 उत्कृष्ट नमूनें संलग्न करें।

6- निविदा प्रपत्र राशि रूपये 2,000/- प्रोसेसिंग फीस एवं कर अतिरिक्त का ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किया जा सकेगा।

7- निविदा निक्षेप राशि रूपये 20,000/- का भुगतान ऑनलाईन जमा करना होगा एवं प्रमाण स्वरूप ऑनलाईन जमा राशि का अभिलेख प्रस्तुत करना होगा।

8- फर्म का पंजीयन प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा।

9- फर्म के लेटर हैड पर इस आशय का प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा कि फर्म राज्य/केन्द्र शासन के किसी भी कार्यालय में ब्लैक लिस्टेड/प्रतिबंधित नहीं है।

10- स्थापित मशीनों की सूची एवं देयक की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा।

नोट : समस्त दस्तावेजों की छाया प्रतियों पर निविदाकार (मुद्रक) की पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य है अन्यथाकी स्थिति में िनिविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

उप नियंत्रक,
वास्ते नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म०प्र०,भोपाल.

# तकनीकी विवरण एवं शर्ते

| स.क्र. | स्पेसिफिकेशन | आकार | पेपर | बाईंडिंग | स्क्रीन प्रिंटिग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1.1 | अर्द्ध शासकीय पत्र | ए/4 | डी.ओ. पेपर, मिनिमम बाइटनेस 100 प्रतिशत | 100 लीफ का एक पॉउच, नीचे 12 औंस का स्ट्राबोर्ड एवं 100 जी.एस.एम.का रंगीन कवर | तीन रंग में |
| 1.2 | शासकीय पत्र | ए/4 | सनशाईन सुपर पेपर, 80 जी.एस.एम. मिनिमम बाइटनेस 94 प्रतिशत | 100 लीफ का एक पैड, नीचे 12 औंस का स्ट्राबोर्ड एवं 80 जी.एस.एम.का रंगीन कवर | दो रंग में |
| 1.3 | शासकीय पत्र | ए/4 | सनशाईन सुपर पेपर , 80 जी.एस.एम. मिनिमम बाइटनेस 94 प्रतिशत | 100 लीफ का एक पैड, नीचे 12 औंस का स्ट्राबोर्ड एवं 80 जी.एस.एम.का रंगीन कवर | तीन रंग में |
| 1.4 | निमंत्रण कार्ड | 4"x 6" | आईवरी कार्ड 300 जी.एस.एम. | कटिंग एवं पैकिग | तीन रंग में |
| 1.5 | निमंत्रण कार्ड | 5"x 7" | आईवरी कार्ड 300 जी.एस.एम. | कटिंग एवं पैकिग | दो रंग में |
| 1.6 | लिफाफा | 4.25"x 6.25" | मेपलिथो पेपर 80 जी.एस.एम. मिनिमम ब्राइटनेस 88 प्रतिशत | 25-25 की पैकिंग | दो रंग |
| 1.7 | लिफाफा | 4.25"x6.25" | मेपलिथो पेपर 80 जी.एस.एम. मिनिमम ब्राइटनेस 88 प्रतिशत | 25-25 की पैकिंग | एक रंग |
| 1.8 | विजिटिंग कार्ड | 5.5x 9.3 सेमी | बिल्ट पेपर मिल द्वारा निर्मित विजिटिंग कार्ड | 100 की पैकिंग | दो रंग |
| 1.9 | * स्क्रीन प्रिटिंग | - | - | - | एक रंग |

* स्क्रीन प्रिटिंग के रंग में कमी या वृद्धि होने की स्थिति में ही उक्त दर के आधार पर गणना की जावेगी।

1. उपरोक्त तकनीक विवरण अनुसार लेटर हैड, लिफाफे, विजिटिंग कार्ड की पेपर सहित स्क्रीन प्रिटिंग मुद्रण, बंधन, पैकिंग, परिवहन, समस्त व्यय एवं अन्य समस्त कर सहित प्रदाय हेतु स्क्रीन प्रिटिंग कार्य करने वाले इच्छुक फर्मों से ऑनलाईन निविदा दिनांक 3-11-2020 अपरान्ह 1.00 बजे की-डेट्स अनुसार आमंत्रित की जाती है। तकनीकी भाग परिशिष्ट-एक एवं दो में प्रस्तुत दस्तावेजों की हार्डकापी की-डेट्स अनुसार अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 4-11-2020 अपरान्ह 2.00 बजे प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

2. तकनीकी भाग दिनांक 4-11-2020 को अपराह्न 3:00 बजे उपस्थित निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ऑनलाईन पोर्टल से डाउनलोड की जावेगी एवं हार्डकापी के प्रस्तुत दस्तावेजों को खोला जावेगा। फर्म द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि का अधिकार पत्र प्रस्तुत करना होगा।

3. तकनीकी भाग में सफल निविदाकारों की कामर्शियल भाग की-डेट्स अनुसार दिनांक 6-11-2020 को अपराह्न 12:00 बजे उपस्थित निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदाकर्ता या उसके अधिकृत प्रतिनिधि टेण्डर ओपनिंग के समय अवश्य उपस्थित रहें।

4. कार्यादेश प्राप्ति के 03 दिवस के पश्चात पेपर सहित प्रूफ का अनुमोदन उप नियंत्रक, शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से कराना होगा। प्रूफ का पृथक से कोई भुगतान नहीं किया जावेगा। सामग्री का प्रदाय सेम्पल अनुसार अनुमोदित होने की तिथि से सम्पूर्ण सामग्री 04 दिवस के अन्दर अनिवार्यत: उप नियंत्रक, शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल को प्रदाय कराना होगा। सामग्री की आपूर्ति उपरान्त देयक तीन प्रतियों में भुगतान हेतु उप नियंत्रक, शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय भोपाल को प्रस्तुत करना होगा।

5- यदि प्रदाय की गई सामग्री निर्धारित मापदण्ड एवं गुणवत्ता के अनुसार नहीं पायी गई अथवा किसी भी कारण से खराब अथवा उपयोग योग्य नहीं पाई गई तो ऐसी समस्त सामग्री मुद्रक को वापस लेना होगी तथा उसके स्थान पर निर्धारित मापदण्ड एवं गुणवत्ता के अनुसार मुद्रण कर प्रदाय की जाना होगी। इस संबंध में होने वाला समस्त व्यय मुद्रक को वहन करना पड़ेगा।

6- 10-10 लैटर पैड/पाउच की पैकिंग करना होगा। लैटर पैड/पाउच के पृष्ठ भाग में लाईट ग्रे इंक से क्रमांकित कराकर सामग्री प्रदाय करना होगा। पैकिंग इस प्रकार की जाय कि सामग्री प्रदाय स्थल तक बिना क्षति के प्राप्त हो सके। मुद्रक द्वारा सामग्री की आपूर्ति के साथ देयक नमूनें सहित उप नियंत्रक, शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल को सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना होंगे। सत्यापन पश्चात् देयक का भुगतान केन्द्रीय मुद्रणालय भोपाल द्वारा सीधे मुद्रक को किया जावेगा।

7 - मुद्रक को नियमानुसार देयकों पर लगने वाले कर का कटौत्रा कर भुगतान किया जायेगा।

8- गुणवत्ता में कमी एवं प्रदाय में विलम्ब होने की स्थिति में मुद्रित सामग्री स्वीकार्य नहीं होगी एवं आंशिक विलम्ब की स्थिति में प्रति दिवस 1% तक शास्ति अधिरोपित की जावेगी।

9- सफल निविदाकार को इस कार्यालय से सूचना प्राप्ति के 3 दिवस के अन्दर राशि रूपये 1,00,000/- राशि का एफ.डी.आर. नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म०प्र०,भोपाल के पक्ष में 12 माह की अवधि के लिए प्रतिभूति की राशि के रूप में जमा कर तत्काल अनुबंध निष्पादित करना होगा। निश्चित समयावधि में अनुबन्ध-पत्र हस्ताक्षर नहीं करने पर निविदा निक्षेप राशि राजसात कर ली जावेगी। साथ ही उच्च दर वाले निविदाकार को कार्य सौंपे जाने पर जो अन्तर की राशि आवेगी, उसकी वसूली भू-राजस्व के तहत की जावेगी एवं संबंधित निविदाकार को आगामी तीन वर्षों के लिए प्रतिबंधित किया जावेगा।

10.1- यह निविदा दिनांक 31-3-2021 तक की अवधि के लिए शासकीय विभागो से प्राप्त होने वाले लेटर हैड, लिफाफें, विजिटिंग कार्ड के स्क्रीन प्रिंटिंग कार्य (पेपर सहित) के लिए ही है।

10.2- दिनांक 31-3-2021 के पश्चात् आपसी सहमति से निविदा की वैद्यता अवधि छ:-छ: माह के लिए बढ़ाई जा सकेगी।

11- निविदा में अंकित शर्तों के अतिरिक्त निविदाकार की कोई शर्तें मान्य नहीं की जावेगी।

12- शासन द्वारा समय-समय पर जारी भुगतान संबंधी प्रतिबंधों या अपरिहार्य परिस्थिति आने के कारण यदि भुगतान में विलम्ब की स्थिति निर्मित होती है तो लंबित भुगतान पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

13- मुद्रक को बैक कवर पर प्रिंट लाईन अंकित करना होगा या स्वंय का स्टीकर लगाकर देना होगा।

14- यह निविदा आमंत्रण किसी प्रकार का कार्यादेश नहीं है। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार नियंत्रक को होगा। इसके अतिरिक्त निविदाओं के आमंत्रण के पश्चात कार्यादेश जारी करने अथवा न करने का पूर्ण अधिकार नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म०प्र०, भोपाल का होगा।

15- किसी भी प्रकार का विवाद की स्थिति में अनुबन्ध के प्रावधानों के अन्तर्गत प्रकरण प्रमुख सचिव, म०प्र० शासन, राजस्व विभाग को भेजा जावेगा और उनका निर्णय दोनों पक्षों पर बंधनकारी होगा। आर्बिटेशन एवं काउंसिलिएशन एक्ट मध्यप्रदेश सुलह अधिकरण अधिनियम 1983 के प्रावधान लागू होंगे।

**नोट:- निविदाकार शर्तों पर सहमति हस्ताक्षर पदमुद्रा सहित अंकित कर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करें।**

उप नियंत्रक,<br>
वास्ते नियंत्रक,<br>
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,<br>
म०प्र०,भोपाल.